# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनांक- 25.08.2026**

- **थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए बकरी चोरी करने वाले 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्त के कब्जे से चोरी किये गये 01 बकरा व 01 बकरी सहित घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद में अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना मंगलपुर पर दिनांक 24.08.2026 को वादी द्वारा 02 बकरी/बकरा चोरी होने के सम्बन्ध में दी गयी लिखित तहरीर के आधार पर थाना मंगलपुर पर मु0अ0सं0 257/2026 धारा 305(A) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 25.08.2026 को चोरी किये गये बकरा/बकरी एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल के साथ अभियुक्त सोनू पुत्र कालीशंकर उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम गड़िया गुष्ठी थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात को दिनांक 25.08.2026 को ग्राम जसापुर स्थित मंगलपुर चौराहे पर रामायणम मैरिज होम व डिग्री कालेज के मध्य से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण-**

सोनू पुत्र कालीशंकर उम्र 37 वर्ष निवासी- ग्राम गड़िया गुष्ठी थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

**बरामदगी-**

1. चोरी किये गये 01 बकरा व 01 बकरी,
2. घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-**

मु0अ0सं0 257/2026 धारा 305(A)/317(2) बीएनएस थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

**गिरफ्तार करने वाली थाना मंगलपुर पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्री संजय कुमार सिंह
2. रि0कां0 423 सुशील कुमार